आरती कुंजबिहारी की

Aarti Kunj Bihari Ki

Source: Zee Music Company — release credits lyrics as Traditional (credits evidence only). Also compared: Uttarakhand Open University BAKK-102 — institutional comparison text; Sanskrit Documents — Aarti Sangrah (research comparison only).

VERSE 1

आरती कुंजबिहारी की, श्री गिरिधर कृष्ण मुरारी की॥
गले में बैजंती माला, बजावै मुरली मधुर बाला।
श्रवण में कुण्डल झलकाला, नन्द के आनन्द नन्दलाला।
गगन सम अंग कान्ति काली, राधिका चमक रही आली।
लतन में ठाढ़े वनमाली, भ्रमर-सी अलक, कस्तूरी तिलक,
चन्द्र-सी झलक, ललित छवि श्यामा प्यारी की।
श्री गिरिधर कृष्ण मुरारी की, आरती कुंजबिहारी की॥

Aarti Kunjbihari ki, Shri Giridhar Krishna Murari ki ||
Gale mein baijanti mala, bajavai murali madhur bala |
Shravan mein kundal jhalakala, Nand ke anand Nandlala |
Gagan sam ang kanti kali, Radhika chamak rahi aali |
Latan mein thadhe Vanmali, bhramar-si alak, kasturi tilak,
Chandra-si jhalak, lalit chhavi Shyama pyari ki |
Shri Giridhar Krishna Murari ki, Aarti Kunjbihari ki ||

VERSE 2

कनकमय मोर मुकुट बिलसै, देवता दर्शन को तरसैं।
गगन सों सुमन राशि बरसै, बजे मुरचंग, मधुर मृदंग,
ग्वालिन संग, अतुल रति गोप कुमारी की।
श्री गिरधर कृष्ण मुरारी की, आरती कुंजबिहारी की॥

Kanakamay mor mukut bilasai, devata darshan ko tarasain |
Gagan son suman rashi barasai, baje murachang, madhur mridang,
Gwalin sang, atul rati gop kumari ki |
Shri Giridhar Krishna Murari ki, Aarti Kunjbihari ki ||

VERSE 3

जहाँ ते प्रकट भई गंगा, कलुष कलि हारिणि श्री गंगा।
स्मरण ते होत मोह भंगा, बसी शिव शीश, जटा के बीच,
हरै अघ कीच, चरण छवि श्री बनवारी की।
श्री गिरधर कृष्ण मुरारी की, आरती कुंजबिहारी की॥

Jahan te prakat bhai Ganga, kalush kali harini Shri Ganga |
Smaran te hot moh bhanga, basi Shiv shish, jata ke beech,
Harai agh keech, charan chhavi Shri Banwari ki |
Shri Giridhar Krishna Murari ki, Aarti Kunjbihari ki ||

VERSE 4

चमकती उज्ज्वल तट रेणु, बज रही वृन्दावन वेणु।
चहुँ दिसि गोपी ग्वाल धेनु, हँसत मृदु मन्द, चाँदनी चन्द,
कटत भव फन्द, टेर सुन दीन दुखारी की।
श्री गिरधर कृष्ण मुरारी की, आरती कुंजबिहारी की॥

Chamakati ujjval tat renu, baj rahi Vrindavan venu |
Chahun disi gopi gwal dhenu, hansat mridu mand, chandani chand,
Katat bhav phand, ter sun din dukhari ki |
Shri Giridhar Krishna Murari ki, Aarti Kunjbihari ki ||